Regional Language Library in Tulsi Sadan in Delhi

848. SHRI M. VINCENT: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Regional Languages Library housed in Tulsi Sadan has been reopened;

(b) if so, what are the reasons for the prolonged closure of the library thus affecting the linguistic minorities in the capital;

(c) if the reply to part (a) is in the negative what are the reasons therefor; and

(d) by when the library is likely to be reopened?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) No, Sir.

(b) and (c) The building in which the Regional Languages Library was functioning had been declared by the Central Public Works Department (CPWD) as dangerous for occupation. This made it imperative to renovate the building. The work of renovation was started by the CPWD in December, 1989 and is still continuing.

(d) The CPWD have indicated that the work will be completed by May, 1992.

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में मच्छरों की भरमार

849. मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में मच्छरों की भरमार से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) और (ख) विश्वविद्यालय द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार, कैम्पस के आस पास पानी जमा रहने के कारण अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में मच्छर उत्पन्न हो गये हैं तथा मलेरियाग्रस्त मामले सामने आये हैं । विश्वविद्यालय ने उचित कार्रवाई के लिये इस समस्या की ओर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा नगर-निगम स्वास्थ्य प्राधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है ।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का विकास

850. मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में नये विभाग खोलने, नये होटलों के निर्माण और उसको दी जाने वाली वार्षिक सहायता में वृद्धि करने के लिये सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(ख) इस विश्वविद्यालय के और अधिक विकास के लिये क्या योजनायें हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) और (ख) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का संपूर्ण अनुरक्षण तथा विकास व्यय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से केन्द्रीय सरकार द्वारा वहन किया जाता है । विश्वविद्यालय को प्रत्येक वर्ष इसकी वित्त समिति की सिफारिशों तथा निधियों की उपलब्धता के आधार पर योजनेत्तर निधियां आवंटित की जाती हैं । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार आयोग ने 1990–91 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को योजनेत्तर अनुदान के रूप में 3385–27 लाख रुपये की राशि प्रदान की और विश्वविद्यालय को 1991–92 के दौरान 3603.60 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है ।